


एक नजर

## आज दोपहर में राहुल गांधी पहुंचेंगे पचमढ़ी



**पचमढी.** कांग्रेस कमेटी के अनुसार, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शनिवार दोपहर हेलिकॉप्टर से पचमढ़ी पहुंचेंगे। वे प्रशिक्षण सत्र में भाग लेंगे और सभी प्रतिभागियों के साथ रात्रि भोज करेंगे। इसके बाद, वे पचमढ़ी के गांधी चौक पर स्थापित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। रविवार सुबह 10 .45 बजे भोपाल रवाना होंगे। वहीं राज्यसभा सांसद, मध्य प्रदेश के पूर्व एडवोकेट जनरल और पूर्व एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया विवेक कृष्ण तन्खा 8 नवंबर 2025 को पचमढ़ी पहुंच रहे हैं। वे यहां चल रहे 10 दिवसीय कांग्रेस जिला अध्यक्षों के प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करेंगे। इस आशय की जानकारी इटारसी के अधिवक्ता रमेश के. साहू ने दी। श्री साहू ने बताया कि सांसद तन्खा 7 नवंबर, शुक्रवार को दिल्ली से नियमित फ्लाइट द्वारा दोपहर 1.15 बजे भोपाल पहुंचेंगे। भोपाल में स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात करने के बाद वे संध्याकाल में पचमढ़ी के लिए रवाना होंगे। रास्ते में, वे पिपरिया के कांग्रेस जनों से भी भेंट करेंगे और रात का विश्राम पचमढ़ी में करेंगे।

# वंदेमातरम गीत हमें इतिहास में ले जाता है






**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुरम/07,नवम्बर** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि वंदे मातरम गीत मां भारती की साधना और आराधना है। वंदे मातरम गीत हमें इतिहास में ले जाता है जहां इस गीत को आत्मसात कर हमारे महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने अपना बलिदान दिया। यह गीत हमारे वर्तमान को आत्मविश्वास से भी भर देता है, भविष्य को प्रेरणा देता है और हमें यह एहसास कराता है कि ऐसा कोई भी लक्ष्य नहीं जो हम प्राप्त नहीं कर सकते हैं। श्री मोदी ने कहा कि वंदे मातरम गीत की रचना बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने की थी और बंग दर्शन में इसे प्रकाशित किया था। देखते ही देखते यह गीत सभी बलिदानियों के लिए एक प्रेरणा का गीत बन गया। कोटि-कोटि भारत वासियों का स्वर बन गया। यह गीत करोड़ों लोगों की भावनाओं को व्यक्त करता है। आजादी की लड़ाई से वंदे मातरम गीत जुड़ा रहा। श्री मोदी ने कहा कि 7 नवंबर का दिन ऐतिहासिक है। आज हम वंदे मातरम गीत की रचना का 150 वर्ष मना रहे हैं, यह अवसर हमें एक नई प्रेरणा देगा साथ ही सभी भारतवासियों को प्रेरणा से भर देगा। उन्होंने इस अवसर पर सभी देशवासियों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी। श्री मोदी ने कहा कि वंदे मातरम का मूल भाव मां भारती की शाश्वत संकल्पना है। गुलामी के दौर में वंदे मातरम गीत सभी क्रांतिकारियों के लिए उद्घोष बन गया था। भारत की आजादी को इस गीत ने एक ताकत दी। उन्होंने कहा कि चाहे कितना भी मुश्किल दौर क्यों ना हो भारत अपने स्वर्णिम दौर को पुनर्जीवित करेगा। उल्लेखनीय है कि वंदे मातरम गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रधानमंत्री श्री मोदी वर्चुअल रूप से भारत के सभी जिलों के निवासियों को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहां की हमें एक ऐसे भारत का निर्माण करना है जो धन-धान्य से और शक्ति से परिपूर्ण हो। हमें अपने देश को स्वदेशी की ओर ले जाते हुए आत्मनिर्भर बनाना है। विज्ञान और टेक्नोलॉजी को आत्मसात कर देश को प्रगति के पथ पर ले जाकर अपना अमूल्य योगदान देना है। उन्होंने कहा कि भारत आज विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। यह सब भारतवासियों के सहयोग से ही संभव हो पाया है। दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने वंदे मातरम पोर्टल को लांच किया। इस पोर्टल में भारत का कोई भी नागरिक अपने स्वर में वंदे मातरम गाकर रिकॉर्डिंग वीडियो अपलोड कर सकेंगे। इसके साथ ही प्रधानमंत्री श्री मोदी ने एक स्मारक सिक्का एवं डाक टिकट का विमोचन भी किया।

### कन्या माध्यमिक शाला चारूवा में राष्ट्रगीत वन्देमातरम का हुआ सामूहिक गान

**खिरकिया ।** अपने 150 वर्ष पूर्ण कर संपूर्ण समाज को राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना से ओत प्रोत करने वाले गीत वन्देमातरम का आज कन्या माध्यमिक शाला चारूवा में सामूहिक गान कर वर्षगांठ मनाई। शिक्षक महेश तिवारी इस गीत की विशेषताओं पर बताया कि आज समाज में क्षेत्र, भाषा, जाति के आधार पर विभाजन की स्थिति बन रही है तब यह गीत हम सबको एक सूत्र में बंधकर रहने की प्रेरणा देता है। इस गीत पंक्तियां तुमि विद्या,तुमि धर्म,तुमि हदि,तुमि मर्म, त्वं हि प्रणा :शरीरे के माध्यम से हमे त्याग और समर्पण की प्रेरणा मिलती है। वन्देमातरम अपनी 150 की यात्रा पूर्ण करने के बाद आज भी समाज की राष्ट्रीय चेतना और संस्कृति की पहचान बना हुआ है ।इसकी रचना बंकिम चंद चट्टोपाध्याय ने 7नवंबर 1874 को की थी जो आगे जाकर स्वतंत्रता संग्राम का नारा भी बना वन्देमातरम। इस अवसर पर शाला प्रधान पाठक श्रीमती संगीता दशोरे, श्रीमति हेमलता तनपुरे, श्रीमति कंचन गुर्जर, श्रीमति सविता पांडे, श्रीमति सुलोचना गंगराड़े, संजय शर्मा,महेश तिवारी, विजय जायसवाल,देवेंद्र कुमार,अतिथि शिक्षक विशाल सोनी, कुमारी राधिका चौहान, श्रीमति कल्पना नामदेव, श्रीमति मनीषा बादबुदे,राजेंद्र कुमार कुल्हारे,दिनेश मालवीय, सुरेश बाबू अहिरवार शामिल थे।

## फ्रेंड्स चर्च की जमीन पर दबंगों का कब्जा, शिकायत पर कार्यवाही नहीं

कोई भी कार्यवाही नहीं हुई हताश और निराश होकर संविधान के चौथे स्तंभ में गुहार लगाई जिससे न्याय मिल सके ।

**नवभारत न्यूज**

**इटारसी 07 नवम्बर** खेडा स्थित फ्रेन्डस चर्च इटारसी की जमीन सन,1903 को खरीदी करके खेड़ा चर्च को सौंपी गई उक्त जमीन के खसरा न.433, 434 सीट न. 2. प्लाटन 61.62. को मिनी चन्द बाई ने कब्जे के आधार पर नामतंरण कराकर किरिसट कुमार ( अभिषेक मार्कस) एव उसकी पत्नि मरियम मार्कस के नाम पर कर दिया ।उक्त जमीन को मरियम मार्कस एवं अभिषेक मार्कस के द्वारा वीरेन्द्र यादव खेड़ा निवासी को बेचा गया जिसकी शिकायत अनुविभागीय अधिकारी इटारसी, नगरपालिका इटारसी के अलावा स्थानीय न्यायालय में दर्ज कराई गई. अश्विनी नंदा ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि उक्त जमीन को वीरेन्द्र यादव के द्वारा प्लार न0 62. को छोडकर संस्था की जमीन पर दबंगता से कब्जा करके भवन निर्माण का कार्य किया जा रहा है. जिसकी शिकायत नगरपालिका इटारसी, एडीएम इटारसी, थाना प्रभारी इटारसी एवं अन्य विभागीय अधिकारीयो को दी गई पर उनकेद्वारा कोई भी कार्यवाही नहीं हुई हताश और निराश होकर संविधान के चौथे स्तंभ में गुहार लगाई जिससे न्याय मिल सके ।

## सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक रहेगी बिजली कटौती

**इटारसी।** कल, शनिवार, 08 नवंबर 2025 को शहर के कई प्रमुख हिस्सों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह कटौती सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक (चार घंटे के लिए) रहेगी। बिजली बंद रहने का मुख्य कारण 33 केवी इटारसी 1, इटारसी 2 एवं आईटीसी फीडर पर आवश्यक मेंटेनेंस कार्य है। मंडी क्षेत्र में पोल शिफ्टिंग का कार्य किया जाएगा, और पीपल मोहल्ला सब स्टेशन में 33 केवी न्यू वीसीबी इंस्टॉलेशन का महत्वपूर्ण कार्य भी होना है। इन कार्यों के चलते बूढ़ी माता सब स्टेशन, पीपल मोहल्ला सब स्टेशन, न्यास कॉलोनी सब स्टेशन, एलकेजी सबस्टेशन और ट्रैक्टर स्कीम सबस्टेशन से संचालित होने वाले समस्त फीडर प्रभावित रहेंगे।

## बच्चों को साथ बिठाएं, एक दिन सामूहिक भोजन अवश्य करें

**नवभारत न्यूज**

**सोहागपुर, 07 नवम्बर** सरस्वती विद्या मंदिर सोहागपुर में सप्त शक्ति संगम का कार्यक्रम गत दिवस आयोजित किया गया । कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सप्त शक्ति कार्यक्रम की प्रान्त संयोजिका नीता गोस्वामी ने कहा कि हमारा परिवार टूटने ना पाएं, इस बात का ध्यान रखें।

हमें नकारात्मक विचारों को त्यागना है, क्षमा भाव हमारे अंदर होना चाहिए एवं परिवार को ठीक करने के लिए हमारी भाषा, वेषभूषा तथा परिवार में एक दिन सामूहिक भोजन करने की योजना करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों को साथ बैठाएं, हमारा घर आदर्श हो, स्वास्तिक घर के द्वार पर बना हो, तुलसी का पौधा हमारे आंगन में हो, हमारे घरों में पांचों प्रकार के सुखों का समावेश हो व रामचरितमानस का पाठ हो। समाज में सशक्त भूमिका निभाने वाली महिलाओं का भी कार्यक्रम में सम्मान किया गया। अनुभव कथन में ऊषा शुक्ला ने अपने विचार रखे।

कार्यक्रम अध्यक्ष तारा जायसवाल ने सारगर्भित व प्रेरणादाई उद्बोधन दिया। इस अवसर पर अल्का पुरोहित समाज सेविका भी उपस्थित रहीं। मंच के अतिथियों का परिचय शालिनी चौहान ने कराया। कार्यक्रम का संचालन अंजली मंडलोई ने किया एवं आभार बहिन संध्या सूर्यवंशी ने व्यक्त किया।

## कुश्ती प्रतियोगिता में राज तिवारी ने जीता गोल्ड

**सिवनी मालवा 07 नवम्बर** सिवनी मालवा शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्र राज तिवारी ने शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में आयोजित संभाग स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता 86 किलो ग्राम में प्रथम स्थान में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। छात्र राज तिवारी बी.ए सी द्वितीय वर्ष ने संभाग स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता 86 किलो ग्राम में प्रथम स्थान में गोल्ड मेडल प्राप्त करने पर परिजनों, महाविद्यालय परिवार एवं स्नेहीजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उज्वल भविष्य की बधाई बहुत शुभकामनाएं दी। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ राजेश कुमार रघुवंशी ने छात्र को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हर सुबह एक नए अवसर है।

## बिजली तार चोरी करने वाला गिरोह पकड़ा, तार बरामद

**नवभारत न्यूज**

**हरदा, 07 नवम्बर** पुलिस ने शुक्रवार को बिजली के खंभों से एल्युमिनियम के तार चुराने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश किया है। मामले में एक कबाड़ी सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उनके पास से करीब 8 लाख रुपए कीमत की चोरी के तार और अन्य सामग्री जब्त की है। गिरोह का एक सदस्य, जो पूर्व में बिजली कंपनी का आउटसोर्स कर्मचारी था, अभी फरार है। एएसपी अमित कुमार मिश्रा ने शुक्रवार को एक प्रेसवार्ता में बताया कि जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में बिजली के तार चोरी होने की शिकायतें दर्ज की गई थीं। इसके बाद एसडीओपी शालिनी परस्ते के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई।

हाल ही में भाटपेरिया में हुई तार चोरी की घटना के बाद सीसीटीवी फुटेज और साइबर सेल की मदद से जांच शुरू की गई। जांच के दौरान हरदा के खेड़ीपुरा निवासी कबाड़ी अजीम खान (30) को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में उसने अपने साथियों के साथ मिलकर जिले में कई स्थानों पर तार चोरी करने की बात कबूल की। इसके बाद पुलिस ने उसके तीन अन्य साथियों को भी गिरफ्तार कर लिया। एएसपी मिश्रा ने बताया कि इस मामले में कुल पांच आरोपी शामिल हैं।

## मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण हेतु कार्यशाला

**खिरकिया ।** मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण-2025 को लेकर आज भाजपा मंडल खिरकिया मैं कार्यशाला का आयोजन रखा गया ।इस कार्यशाला में जिले के पूर्व जिला महामंत्री देवी सिंह सांखला, जिला आईटी सेल प्रभारी गौरव, जिला उपाध्यक्ष सुधीर सोनी, भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय यादव, भाजपा वरिष्ठ नेता आदरणीय शंकर सिंह खरवड़िया, शैतान सिंह राजपूत, विजय सोमानी, नितिन गुप्ता, सतनारायण गौर, सुरेंद्र आठनेरे, फूलबाई उईके, मंडल महामंत्री हेमंत राजपूत ,लखन मंडराई, मंडल उपाध्यक्ष उमेश गीते नारायण विश्नोई ,राजेश गुप्ता ,उत्तम तिवारी ,आनंद गौर ,सोनू तिवारी ,ज्ञानीराम महाजन ,राजकुमार कड़वाल ,भगतराम धनगर मंडल मीडिया प्रभारी संजय मीणा हरनाथ साध हंसराज बिश्नोई बलिराम यादव अनिल विश्नोई रामसुख विश्नोई मोनू तिवारी दीपक पटेल दीपक राय द्वारका प्रसाद गौर बंटी सलूजा रामनिवास पटेल हरिओम बाँके ओम देवराले सुरेश मालाकार बसंत अग्रवाल दुर्गेश अंकिल रामेश्वर मीणा अरुण पांडे बलराम महाजन बंटी राजपूत नुरुल्लाह कुरैशी अन्य के मार्गदर्शन से संगठनात्मक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई ।मतदाता सूची के पुनरीक्षण की प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी, सटीक एवं व्यापक बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

## राष्ट्रीय गीत की 150वीं वर्षगांठ पर मैराथन दौड़




**नवभारत न्यूज**

**हरदा, 07 नवम्बर** पुलिस प्रशासन एवं जिला खेल ओर युवा कल्याण विभाग हरदा द्वारा राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150 वीं वर्षगाँठ पर शुक्रवार को मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। मैराथन दौड़ का शुभारंभ अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्रीमती शालिनी परस्ते ने हरि झंडी दिखाकर किया। रक्षित निरीक्षक श्रीमती रजनी सिंह गुर्जर ने बताया कि यह दौड़ परशुराम चौक से प्रारंभ होकर गणेश चौक, पोस्ट ऑफिस चौक, सिटी कोतवाली से होते हुए जिला न्यायालय परिसर के सामने स्थित शौर्य स्मारक पर सम्पन्न हुई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित मिश्रा एवं उपस्थित सभी अधिकारी कर्मचारी व खिलाड़ियों ने शौर्य स्मारक पर श्रद्धासुमन अर्पित कर सलामी दी एवं राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम का गायन किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री मिश्रा ने उपस्थित प्रतिभागियों को राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की विशेषताएं बताई। उन्होंने कहा कि यह गीत के रचनाकार बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय हैं। यह गीत उनके प्रसिद्ध उपन्यास "आनंदमठ" का हिस्सा है। इसे भारत के राष्ट्रीय गीत के रूप में अपनाया गया है। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान हर क्रांतिकारी द्वारा इस गीत को गाया गया, जो भी क्रांतिकारी शहीद होते थे, उनकी जुबा पर वंदे मातरम होता था।

## वैश्य महिला इकाई की जिला अध्यक्ष बनीं श्रद्धा

**इटारसी/नर्मदापुरम, 07 नवम्बर** वैश्य महासम्मेलन, मध्य प्रदेश ने नर्मदापुरम जिले की महिला इकाई के जिला अध्यक्ष पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी श्रीमती श्रद्धा संजय अग्रवाल को सौंपी है। महासम्मेलन के प्रदेशाध्यक्ष श्री सुधीर अग्रवाल द्वारा जारी नियुक्ति पत्र में श्रीमती अग्रवाल को उनकी कर्मठता और संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए यह दायित्व सौंपा है। वह शिक्षा, कला, खेल, समाज सेवा और राजनीति सहित विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय रही हैं. शैक्षणिक एवं कलात्मक- डबल एम.ए., बी.एड. की उपाधि धारक, साथ ही कथक प्रभाकर।

## विश्व कल्याण की कामना हेतु छोड़ी आहूतियां



**नवभारत न्यूज**

**हरदा,07 नवम्बर** श्री दादाजी महाराज के भक्तों ने सन्त शिवानंद जी महाराज के सानिध्य में शोभायात्रा शहर के मानसरोवर होटल , खंडवा इन्दौर बायपास रोड, सिविल लाईन से होती हुई माँ रेवा गार्डन पहुंची।

मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा से शोभायात्रा का स्वागत किया गया। आयोजन से जुड़े नितेश बादर ने बताया कि यह धार्मिक आयोजन दादा धूनीवाले के भक्त, संत शिवानंद महाराज के सानिध्य में संपन्न किया गया। शिवानंद महाराज कई वर्षों से आजीवन नर्मदा परिक्रमा कर रहे हैं। वे चतुर्मास के दौरान हर साल नर्मदा किनारे अलग-अलग जगहों पर ऐसे आयोजन कराते आ रहे हैं। आयोजन से जुड़े उत्तम तेनगुरिया ने बताया कि शोभायात्रा के बाद पंडितों के मार्गदर्शन में भक्तों ने गुरु पूजन कर आशीर्वाद लिया ।शाम को विश्व कल्याण की कामना को लेकर हवन कुंड में आहुतियां छोड़ी गई । साथ ही भजन संध्या का आयोजन भी किया गया।

## विशेष मैच खेलकर खिलाड़ियों ने मनाया भारतीय हॉकी का सौंवा वर्ष




**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 07 नवम्बर** भारतीय हॉकी के सौ वर्ष पूरे होने पर हॉकी इंडिया के आव्हान पर शुक्रवार को हॉकी नर्मदापुरम(मान्यता प्राप्त)ने गांधी स्टेडियम में विशेष हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया । इस आयोजन से इटारसी हॉकी के इतिहास में नया अध्याय जुड़ गया है। कोच कन्हैया गुरयानी ने बताया कि अब इन टीमों के लीग मैच साल भर चलते रहेंगे। इस प्रतियोगिता में छह मैच खेले गए। इनमें आठ टीमों ने हिस्सा लिया. टीमों के नाम शहर के पुराने वरिष्ठ खिलाड़ियों और हॉकी प्रेमियों के नाम पर रखे गए थे। इसमें चार टीमें गर्ल्स की और चार टीमें बॉयज की थीं।आज के खेले गए मैचों में आठ साल से सत्तर साल तक के खिलाड़ियों ने उत्साह से हिस्सा लिया। गर्ल्स वर्ग में आदर्श हरदुआ की टीम फाइनल में माइकल जॉनेथन से 2/1 से जीती. बॉयज में सुरेश अग्रवाल इलेवन ग्लेडविन अल्फ्रेडइलेवन से 2/0 से जीती। विजेताओं को उपस्थित अतिथियों ने ट्राफियां देकर सम्मानित किया। आज मैदान में अतिथि के रूप में पूर्व नपा अध्यक्ष रवि जायसवाल, सामाजिक कार्यकर्ता भगवती चौरे, दीपक अग्रवाल, सरदार जोगिंदर सिंह, पूर्व नपा उपाध्यक्ष अजय शुक्ला, अशोक जैन, पार्षद धर्मदास मिहानी, पूर्व पार्षद अनिल राठी, कुलभूषण मिश्र, पंकज राठौर, गजानन तिवारी, राजकुमार उपाध्याय केलू, उमेश द्विवेदी, लखन बेस, कमल शुक्ला , अजय मिश्रा टप्पू, ज्ञानेंद्र उपाध्याय, कोच कन्हैया गुरयानी, हॉकी नर्मदापुरम के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह तोमर, सचिव साजिद मलिक, प्रवक्ता सुधांशु मिश्रा सहित अनेक हॉकी प्रेमी मौजूद रहे। आज के मैचोंमें 70 साल तक के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

### कोशिश की गई कि मैच न हो.!

पिछले कुछ दिनों से इटारसी हॉकी दो हॉकी संघ के बीच चल रही खींचतान की शिकार है ।एक हॉकी संघ के पदेन अध्यक्ष नपा अध्यक्ष पंकज चौरे हैं। हॉकी के शताब्दी दिवस के अवसर पर आयोजित इस विशेष मैच का आयोजन हॉकी नर्मदापुरम (मान्यता प्राप्त) ने जन सहयोग से किया था ।बताया जाता है कि इसी खींचतान के चलते द्वारा पूरी कोशिश की गई कि हुई कि आयोजन न हो सके ।हॉकी नर्मदापुरम द्वारा स्वयं ही मैदान तैयार करवाया गया। रात में किन्हीं तत्वों द्वारा मैदान के मुख्य द्वार पर में ताला लगा दिया गया । जिम्मेदारलोगों से संपर्क किया तो किसी ने फोन तक नहीं उठाया।

## जनप्रतिनिधियों ने किसानों को फूल माला पहनाकर किये टोकन वितरण

**नवभारत न्यूज**

**बनखेड़ी** कृषि उपज मंडी प्रांगण में डबल लॉक केंद्र का शुभारंभ किया गया। बनखेड़ी में गुरुवार को डबल लॉक को प्रारंभ किया गया। जिसमें क्षेत्रीय विधायक ठाकुरदास नागवंशी, वरिष्ठ भाजपा नेता नवनीत सिंह नागपाल, भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान सदस्य नीतिराज सिंह पटेल, हरीश मालानी, मुकेश सराठे ने वृद्ध किसानों को फूल माला पहनाकर स्वागत कर टोकन वितरण किये। इस अवसर पर वर्चुअली रूप से जुड़कर लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने किसानों से संवाद करते हुए कहा कि वर्तमान में सभी किसानों को जरूरत के अनुसार खाद उपलब्ध कराये जाने के लिए बनखेड़ी में डबल लॉक का शुभारंभ किया गया है। अन्नदाता का हित हमारे लिए सर्वोपरि है। किसान भाई चिंता न करें किसानों के प्रति हमारी सरकार संवेदनशील है। विधायक ठाकुरदास नागवंशी ने कहा कि किसानों कि सुविधा के लिए भाजपा सरकार तत्पर है, धान का एक एक दाना सरकार खरीदेगी, किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें। इस अवसर पर बनखेड़ी तहसीलदार अंजू लोधी कृषि विभाग अधिकारी रूपल राजपूत, मोहित साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष रमेश पटेल उपस्थित रहे.